Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to complete the work of doubling of rail line of Amreli and start the new railway line for Somnath Jyotirling.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): **अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली गुजरात में, वर्ष** 2014-15 **में जो दो रेलवे लाइन के दोहरीकरण के काम को मंजूर किया गया था, उनमें से ढसा से खिजड़िया, लोनिधर से जेतलसर तक का काम जनवरी**, 2022 **तक पूरा हो जाएगा, लेकिन वह भी तय समय से डेढ़ साल बाद पूरा होगा । उसके साथ ही दूसरी लाइन के दोहरीकरण का काम भी मंजूर किया गया था । खिजड़िया से अमरेली, चलाला, धारी, वीसावदर और वेरावल-सोमनाथ ।**

अध्यक्ष महोदय, सोमनाथ में देश के बारह ज्योतिर्लिंग में से एक ज्योतिर्लिंग है । वहां लोग सोमनाथ दादा के दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन यह बहुत तकलीफ की बात है कि वहां की लाइन का काम अभी तक शुरू नहीं किया गया है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से इस सदन में कई बार प्रश्न पूछ चुका हूं, नियम 377 **के तहत यह विषय सदन में रख चुका हूं और शून्य काल में भी यह विषय रख चुका हूं । यह काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए और मेरे क्षेत्र में रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम पूर्ण किया जाए, ताकि वहां की जनता को इसका लाभ मिले और हमारे क्षेत्र का विकास हो ।**